यूआईडीएनः एफ009528ई003323069

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विर्सिज इंकोरपोरेटिड (निकसी)

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए एनआईसीएसआई के खातों पर मेसर्स जे.एन. मित्तल एंड कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट के ड्राफ्ट वैधानिक लेखा परीक्षक टिप्पणी के उत्तर

लेखा परीक्षा टिप्पणी	एनआईसीएसआई का उत्तर
1. योग्य राय के आधार	
1.1 व्यापार देय (नोट 19), व्यापार प्राप्य (नोट 10), ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम (सरकारी सहायता प्राप्त परियोजनाओं समेत) (नोट 21), देय सुरक्षा जमा (नोट 18), और आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम (नोट 9 और 15) वर्तमान कर संपत्ति और प्रावधान (नोट 14), अग्रिम बिक्री कर/डीवैट पर जीएसटी और कार्य अनुबंध पर टीडीएस के साथ–साथ उपरोक्त प्रावधान (नोट 15) से संबंधित शेष, वर्ष के अंत में पुष्टि और/या समाधान के विषयाधीन हैं। प्रबंधन इसके समाधान की प्रक्रिया में है और उसकी राय है कि प्रभाव, यदि कोई होगा, वह महत्वपूर्ण नहीं होगा। ऐसी प्राप्त की जा रहीध प्राप्त पुष्टियों औरध्या तैयार किए जा रहे परिणामी समाधान के परिणामस्वरूप आयध व्यय और/या संपत्तियों/देनदारियों पर प्रभाव वर्तमान में वर्ष के अंत में सुनिश्चित नहीं की जा सकती हैं।	31.03.2023 तक शेष राशि के लिए शेष पुष्टिकरण पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह नियमित कार्य है कि ऐसे पत्र विभागों/संगठनों आदि को जारी किए जाते हैं लेकिन उन पर बहुत ही नगण्य प्रतिक्रिया प्राप्त होती है क्योंकि हमारे अधिकांश उपयोगकर्ता सरकारी या अर्धसरकारी हैं। एनआईसीएसआई ने इसके लिए अपने ईआरपी प्रणाली को स्वचालित बना दिया है।
1.2 ग्राहकों से प्राप्त हुए 191704.27 लाख रुपए की अग्रिम राशि के संबंध में वित्तीय विवरण के नोट सं. 21 का संदर्भ दिया जाता है। व्यक्तिगत खातों की समीक्षा से ऐसे कई ग्राहकों का पता चलचा है जिनके पास वर्ष के अंत तक 3 वर्षों से अधिक समय से शेष राशि बकाया है। ज्यादातर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और भारत सरकार के मंत्रालयों से प्राप्त इन अग्रिमों को कंपनी द्वारा अलग–अलग बैंकों में विभिन्न ब्याज दरों एवं परिपक्वता समय पर सामवधि जमा में निवेश किया गया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि ग्राहकों से प्राप्त ऐसे अग्रिम के संबंध में ऐसी निष्किए धनराशि अप्रयुक्त रह गई और सावधि जमा में निवेश कर दी गई है, प्रबंधन को ऐसे प्रत्येक अग्रिम राशि की समीक्षा करने और अनुबंध के संबंधित नियमों एवं शर्तों के आधार पर ग्राहक को वापस करने की आवश्यकता है। ऐसे प्रत्येक अग्रिम के संबंध में उपलब्ध दस्तावेजों, अनुबंधों एवं विवरणों के अभाव में, उपलब्ध कराए गए ऐसे विवरणों के परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर पिछले अनुच्छेद में उल्लिकित समग्र मामले वर्तमान में सुनिश्चित नहीं किए जा सकते हैं।	एनआईसीएसआई को विभिन्न सरकारी विभागोंध संगठनोंध सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से परफॉर्मा चालान के लिए अग्रिम प्राप्त होता है। उन परफॉर्मा चालानों में उल्लिखित गतिविधियों के पूरा होने के बाद, एनआईसीएसआई खातों का आंशिकध्अंतिम निपटान, विवरण तैयार करता है और उसे संबंधित उपयोगकर्ता को भेजता है, ताकि शेष व्यय के खिलाफ राशि की प्रतिपूर्ति की जा सके, यदि कोई हो और धन वापसी के लिए बैंक विवरण सूचित किया जा सके। हालाँकि कुछ उपयोगकर्ता बैंक विवरण प्रदान करते हैं, लेकिन कई मामलों में ये प्राप्त नहीं हो पाता और इस प्रकार, खर्च नहीं की गई राशि एनआईसीएसआई के पास ही रहती है। इसका निपटान हेतु एनआईसीएसआई ने देनदारों और लेनदारों से वसूली के लिए परियोजना प्रबंधक की मदद हेतु एक विभाग बनाया है, विभाग विशेष रूप से बकाया देनदारों और लेनदारों एवं ऐसे अन्य संबंधित मामलों को देखता है। एनआईसीएसआई ने मासिक आधार पर काता विवरण साझा करने की प्रक्रिया भी शुरू की है। हालाँकि, नई परियोजनाओं के लिए, एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल ने 26.03.2022 को आयोजित अपनी 121वीं बैठक में, संचालन मार्जिन के दरों को संशोधित करते हुए, सभी परियोजनाओं (यानि जीआईए या गैर–जीआईए) में, समय–समय पर, खर्च न की गई राशि पर उपयोगकर्ताओं को एनआईसीएसआई द्वारा अर्जित ब्याज वापस करने की भी मंजूरी दे दी थी। इसे 01.07.2022 से प्रभावी कर दिया गया है और तदनुसार एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए अपने वित्तीय विवरण में गैर–जीआईए परियोजना पर ब्याज दिया है (नोट सं. 24 देखें)।

1.3 कंपनी ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 द्वारा निर्धारित 'ग्राहकों के साथ अनुबंध पर राजस्व' पर भारतीय लेखा मानक 115 का अनुपालन नहीं किया है क्योंकि सेवाओं की बिक्री पर राजस्व के मामले को गलती से चालान बनाते समय, महत्वपूर्ण लेखांकन नीति (नोट 2 (vii) और नोट 2(xii) देखें) दर्ज किया गया है जबकि इसे 'नियंत्रण' यानि वादा की गई सेवा के हस्तांतरण के समय दर्ज किया जाना चाहिए था। कंपनी की रिपोर्ट की गई आय/व्यय और संपत्ति/देनदारियों पर सेवा पूरी होने के 30 दिनों के भीतर चालान न बनाने के कारण सीजीएसटी अधिनियम के नियम 47 के तहत चूक के साथ–साथ इसके प्रभाव का वर्तमान में पता नहीं लगाया जा सकता है।	एनआईसीएसआई की नीति/कार्यप्रणाली के अनुसार, यह वस्तुओं/सेवाओं की बिक्री के लिए चालान बनाकर राजस्व जुटाता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022–23 के लिए वित्तीय विवरण तैयार करते समय और राजस्व पहचान पर मिलान की अवधारणा के अनुसार लागू भारतीय लेखा मानक के सभी प्रावदानों एवं आवश्यकताओं का विधिवत अनुपालन किया है।
1.4 कंपनी ने सूचिक किया है कि उनके पास लगभग 1900 विक्रेता हैं, जिनमें से केवल 45 विक्रेताओं की पहचान एमएसएमई विक्रेताओं के रूप में की जा सकती है। इसके कारण एमएसएमई पर ब्याज की गणना केवल पहचान किए गए एमएसएमई विक्रेतों पर की जाती है। इसके अलावा इसे 687.25 लाख रु. की आकस्मिक देनदारियों के रूप में दिखाया गया है, (अस्वीकृत व्यय और देयता निर्धारित करने की बजाए), क्योंकि प्रबंधन का मानना है कि यदि परियोजना में विक्रेताओं को भुगतान करने के लिए फंड उपलब्ध है तो उपयोगकर्ता विभाग से इसकी वसूली की जाएगी। इसके परिणामस्वरूप व्यय के साथ–साथ देनदारियों को 687.25 लाख रु. कम बताया गया है।	वित्त वर्ष के दौरान एनआईसीएसआई ने एमएसएमई प्रमाणपत्र जमा करने के लिए अपने विक्रेताओं को सख्ती से कहा ताकि एमएसएमई वर्गीकरण एवं ब्याज की गणना की जा सके। हालाँकि केवल 45 विक्रेताओं ने ही अभी तक एमएसएमई प्रमाणपत्र जमा किए हैं। इन 45 विक्रेताओं के लिए एमएसएमई के तहत ब्याज की गणना की गई है और आकस्मिक देनदारी में इसका उल्लेख किया गया है, चूंकि परियोजनाओं में धनराशि उपलब्ध नहीं है इसलिए इसे उपयोगकर्ता विभाग से वसूला जा सकता है। एमएसएमई के तहत ब्याज का भुगतान तब किया जाएगा जब विक्रेताओं द्वारा कोई मांग की जाएगी, हालाँकि एमएसएमई अधिनियम के तहत कोई मांग लंबित नहीं है।
2. मुख्य मामला	
2.1 हम नोट सं. 3, 4 और 45 की ओर ध्यान दिलाना चाहते हैं जिसके तहत भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली (931.50 लाख रु.) और इकाई सं. ए 300 नौरोजी नगर (7812.05 लाख रु.) के भवन के संबंध में समर्पण/स्वत्व विलेख, का पंजीकरण, वर्ष के अंत तक लंबित था।	भीकाजी कामा प्लेस के भवन के लिए समर्पणध स्वत्व विलेख को 18 जुलाई 2023 को एनबीसीसी द्वारा एनआईसीएसआई के नाम पर पंजीकृत कराया गया था। और इकाई सं. ए–300 टावर ए, तीसरा तल, विश्व व्यापार केंद्र, नौरोजी नगर, भवन के निर्माणाधीन होने के कारण एनआईसीएसआई के नाम पर स्वत्व विलेख निष्पादन लंबित है।
3. अन्य मामले	
3.1 कंपनी को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, उसके भौतिक सत्यापन, स्थान, ह्रासित मूल्य और उसके निपाटन से जुड़े रिकॉर्ड रखने संबंधि वर्तमान नियंत्रण प्रक्रिया, यदि कोई हो, को मजबूत करने की आवश्यकता है। व्यक्तिगत वस्तु की मैपिंग, नियंत्रण लगा कर जबकि भौतिक रूप से सत्यापित व्यक्तिगत वस्तुओं की मैपिंग संबंधित पीपीई रिकॉर्ड के साथ उनके विशेष पहचान संख्या के माध्यम से की जा सकती है।	संपत्ति का विवरण उनके जारी किए जाने/निपटान आदि के उचित विवरण के साथ निर्धारित पंजी में रखा जा रहा है। इसके अलावा, एनआईसीएसआई मुख्यालय (एसपी और एलएनडीसी समेत) और उसकी राज्य इकाईयों के लिए तीन सदस्यों की समिति द्वारा सभी संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। (एसपी और एलएनडीसी समेत)। तदनुसार वित्त वर्ष 2022–23 के लिए भी ऐसा किया गया है।

3.2 हालाँकि कंपनी ने 01 जुलाई 2017 से ईआरपी लेखांकन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल शुरू कर दिया था, व्यक्तिगत पार्टी शेष की मैपिंग और रोकड़ शेष को आगे बढ़ाने, एजिंग शेड्यूल, ईआरपी से सीधे खाते का विवरण प्राप्त करने, खातों के विवरण में किए गए बदलाव पर नजर रखना, से संबंधित कुछ नियंत्रण कमियां पाई गईं। बिक्री रजिस्टर को उचित तरीके से तैयार नहीं किया गया था क्योंकि वस्तु और सेवाओं का विभाजन उचित नहीं है क्योंकि संबंधित वस्तुओं और सेवाओं के वित्तीय आंकड़े बिक्री रजिस्टर के आंकड़ों से मेल नहीं खा रहे हैं (बिक्री रजिस्टर सकल आधार पर वित्तीय आंकड़ों से मेल खा रहे हैं, यानि बिना विभाजन के)। प्री–जीएसटी व्यवस्था के कारण तुलन पत्र में माल पर अग्रिम जीएसटी यथावत है, जिसे अब तक समायोजित नहीं किया गया है। किसी बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किए गए सिस्टम लेखापरीक्षा द्वारा मान्य किए जा रहे वर्तमान नियंत्रणों के आधार पर ईआरपी को मजबूत करने और उसके पहचान किए जाने की आवश्यकता है।	एनआईसीएसआई ने 01.07.2017 से खातों और अन्य संबंधित क्षेत्रों के लिए ईआरपी सॉफ्टवेयर को पूरी तरह से अपना लिया था। एनआईसीएसआई ने अपने ईआरपी प्रणाली को मेसर्स डॉ. सीबीएस साइबर सिक्योरिटी सर्विसेस एलएलपी से सत्यापित करवाया है। ऑनसाइट लेखापरीक्षा करने के बाद 06.07.2022 को दी गई अपनी रिपोर्ट में, कंपनी ने पाया है कि "यह एप्लिकेशन व्यावसायिक आवश्यकता के अनुसार अलग–अलग कार्यात्मक त्रुटियों से मुक्त है। इसके अलावा, ओरैकल ईबीएस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर और संबंधित आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की लेखापरीक्षा वर्ष में कम–से–कम एक बार या प्रक्रिया/कंप्यूटर संसाधन के किसी भी महत्वपूर्ण उन्नयन पर किया जाएगा। साथ ही, उपयोगकर्ता के व्यक्तिगत डेटा की अतिरिक्त सुरक्षा हेतु मजबूत एन्क्रिप्शन और प्रमाणीकरण का प्रयोग कर एप्लिकेशन को नवीनतम संस्करण में अपडेट किया जाना चाहिए"। एनआईसीएसआई ईआरपी के लिए वर्तमान सपोर्ट को अपग्रेड करने की प्रक्रिया में है और इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। हालाँकि, जैसा कि लेखापरीक्षक ने सुझाव दिया है, शेष और बिक्री पंजी के लिए रिपोर्ट में परिवर्तन चालू वित्त वर्ष में कर दिया जाएगा।
3.3 कंपनी ईएमडी/सुरक्षा जमा आदि की समीक्षा नहीं कर रही है जिसके कारण तीन साल से अधिक की ईएमडी तक बकाया है।	कंपनी नियमित रूप से ईएमडी/सुरक्षा जमा की समीक्षा कर रही है और बैंक जैसे विक्रेताओं से उचित विवरण मिलने एवं पैसे वापस करने संबंधी अनुरोध पत्र प्राप्त करने के बाद धनराशि वापस कर रही है। हालांकि विक्रेताओं को पुरानी ईएमडी/सुरक्षा जमा राशि की वापसी हेतु चालू वर्ष में और अधिक प्रयास किए जाएंगे।
3.4 कंपनी को अपनी लेखांकन नीतियों की समीक्षा करने की आवश्यकता है क्योंकि बीमा दावों से संबंधित लेखांकन, स्क्रैप का लेखांकन, पट्टा नीतियों का लेखांकन आदि को शामिल/संशोधित किए जाने की आवश्यकता है।	कंपनी द्वारा हर साल लेखांकन नीतियों की समीक्षा की जाती है और उसमें होने वाले बदलावों को वित्तीय विवरण में शामिल किया जाएगा। स्क्रैप, पट्टा या बीमा दावों के लिए नीतियां चालू वर्ष में बनाई/अपडेट की जाएंगी।
3.5 हमने पाया है कि कार और कंप्यूटर की बिक्री पर जीएसटी नहीं लगाया गया है। पिछले वित्त वर्षों से संबंधित जीएसटी टीडीएस प्राप्य शेष लंबित हैं। वसूली योग्य कर शेष इस प्रकार लंबित है (बिक्री कर, टीडीएस और आयकर के विभिन्न मदों के तहत)।	प्रबंधन नियमित रूप से बिक्री कर/वैट के साथ पुराने शेष की समीक्षा कर रहा है और सीएजी लेखापरीक्षकों के सुझाव के अनुसार पुराने बकाया वसूली के लिए प्रावधान किए गए हैं। हालाँकि कार/कंप्यूटर की बिक्री पर जीएसटी के संबंध में इसे चालू वर्ष में जमा किया जाएगा।

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2023 तक का तुलन पत्र

₹ लाखो में

विवरण	नोट सं.	31 मार्च 2023 तक	31 मार्च 2022 तक
परिसंपत्तियां			
गैर–तात्कालिक परिसंपत्तियां			
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	3	3,878.61	2,336.88
पूंजी चालू कार्य	4	8,297.21	-
संपत्ति के प्रयोग का अधिकार	5	15,442.55	16,035.80
अन्य अमूर्त संपत्तियां	6	5,329.49	6,275.10
वित्तीय परिसंपत्तियांः			
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	7	108.09	1,077.32
आस्थगित कर संपत्तियां (शुद्ध)	8	4,060.91	3,578.62
अन्य गैर–तात्कालिक संपत्तियां	9	1,597.34	8,644.57
कुल गैर–तात्कालिक संपत्तियां		38,714.20	37,948.29
वर्तमान परिसंपत्तियां			
(क) व्यापार प्राप्य	10	46,561.48	34,429.17
(ख) नकद और नकद समकक्ष	11	76,321.22	93,139.05
(ग) उपरोक्त '(ख)' के अलावा बैंक बैलेंस	12	1,35,651.57	1,14,759.60
(घ) अन्य वित्त परिसंपत्तियां	13	4,623.05	2,832.51
वर्तमान कर परिसंपत्तियां (शुद्ध)	14	19,539.09	17,165.29
अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां	15	34,304.50	32,441.67
कुल वर्तमान परिसंपत्तियां		3,17,000.91	2,94,767.29
कुल परिसंपत्तियां		**3,55,715.11**	**3,32,715.58**
इक्विटी और देयताएं			
इक्विटी			
इक्विटी शेयर पूंजी	16	200.00	200.00
अन्य इक्विटी	17	89,023.88	73,986.10
कुल इक्विटी		**89,223.88**	**74,186.10**

विवरण	नोट सं.	31 मार्च 2023 तक	31 मार्च 2022 तक
देयताएं			
गैर–तात्कालिक देयताएं			
वित्तीय देयताएं			
(क) पट्टा देयता	36	14,664.87	14,623.62
(ख) अन्य वित्तीय देयताएं	18	64.76	59.46
कुल गैर–तात्कालिक देयताएं		**14,729.63**	**14,683.08**
वर्तमान देयताएं			
वित्तीय देयताएं:			
(क) पट्टा देयताएं	36	2,843.11	3,219.74
(ख) व्यापार देय	19		
सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों की कुल बकाया राशि		6,847.30	8,491.68
सूक्ष्म उद्यमों और लघु उद्यमों के अलावा अन्य कुल बकाया राशि		41,289.99	35,590.04
(ग) अन्य वित्तीय देयताएं	20	1,426.72	1,261.16
अन्य तात्कालिक देयताएं	21	1,99,326.51	1,95,209.26
प्रावधान	22	27.97	74.52
कुल तात्कालिक देयताएं		**2,51,761.60**	**2,43,846.40**
कुल इक्विटी और देयताएं		**3,55,715.11**	**3,32,715.58**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	2		

संलग्न टिप्पणियाँ (1–63) वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है।

सम तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
जे एन मित्तल और कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 003587एन

ह0/–
सीए राजेन्द्र मित्तल
भागीदार
सदस्यता सं. 084470
यूआईडीएनः 23084470बीजीऐक्सटीयूए4623

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
डॉ. विनय ठाकुर
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 09710675

ह0/–
भुवनेश कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02780311

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
महेन्द्र पाल
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15.09.2023

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष का आय एवं व्यय लेखा

₹ लाखो में

क्र. सं.	विवरण	नोट सं.	31 मार्च 2023 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च 2022 को समाप्त हुआ वर्ष
	आय			
I	संचालन से राजस्व	23	1,60,418.09	1,40,213.47
II	अन्य आय	24	9,769.37	7,551.07
III	कुल आय (I+II)		**1,70,187.46**	**1,47,764.54**
IV	व्यय			
	स्टॉक–इन–ट्रेड की खरीद	25	19,030.09	17,956.39
	सेवा सहायता व्यय		1,14,770.31	1,08,283.71
	कर्मचारी लाभ व्यय	26	1,295.16	964.22
	वित्त लागत	27	821.71	899.26
	मूल्यह्रास और ऋण परिशोधन व्यय	28	7,292.90	6,597.29
	अन्य व्यय	29	6,941.25	6,883.76
	कुल व्यय (IV)		**1,50,151.42**	**1,41,584.63**
V	कर पूर्व (III–IV) आय/ (हानि)		20,036.04	6,179.91
VI	कर व्ययः		**5,058.64**	**1,562.48**
	(1) वर्तमान कर		5,525.80	1,966.91
	(2) आस्थगित कर		(482.28)	(411.51)
	(3) पिछले वर्षों के लिए कर समायोजन/(बट्टा खाता में डालना)		15.12	7.07
VII	निरंतर संचालन से वर्ष में हुई आय/(हानि) (V–VI)		**14,977.40**	**4,617.43**

₹ लाखो में

क्र. सं.	विवरण	नोट सं.	31 मार्च 2023 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च 2022 को समाप्त हुआ वर्ष
VIII	अन्य व्यापक आय		-	-
IX	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (आय/(हानि) और वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय सहित)		**14,977.40**	**4,617.43**
X	प्रति इक्विटी शेयर आय (प्रति शेयर सांकेतिक मूल 100 रु.):			
	(1) बेसिक	30	7,488.70	2,308.72
	(2) डाइलूटेड	30	7,488.70	2,308.72

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां 2

संलग्न टिप्पणियाँ (1–63) वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है।

सम तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
जे एन मित्तल और कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 003587एन

ह0/–
सीए राजेन्द्र मित्तल
भागीदार
सदस्यता सं. 084470
यूआईडीएनः 23084470बीजीऐक्सटीयूए4623

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
डॉ. विनय ठाकुर
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 09710675

ह0/–
भुवनेश कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02780311

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
महेन्द्र पाल
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25.09.2023

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. जारी, अभिदान और चुकता इक्विटी शेयर की इक्विटी शेयर पूंजी 100/– रु. प्रत्येक

₹ लाखो में

विवरण	टिप्पणी	धन राशि
31 मार्च 2021 तक	16	200.00
वर्ष के दौरान परिवर्तन		-
31 मार्च 2022 तक	16	200.00
वर्ष के दौरान परिवर्तन		-
31 मार्च 2023 तक	16	200.00

ख. अन्य ईक्विटी (टिप्पणी 17 देखें)

₹ लाखो में

विवरण	आरक्षित निधियां और अधिशेष प्रतधारित आय	अन्य कुल इक्विटी
31 मार्च 2021 तक	69,368.67	69,368.67
पूर्व अवधि आय (कर्मचारी)		
वर्ष के लिए अधिशेष (कमी)	4,617.43	4,617.43
31 मार्च 2022 तक	73,986.10	73,986.10
पट्टा परिसंपत्तियों के लिए पूर्व अवधि समायोजन (नोट सं. 36 देखें)	505.23	505.23
पट्टा देयताओं के लिए पूर्व अवधि समायोजन (नोट सं. 36 देखें)	(444.85)	(444.85)
वर्ष के लिए अधिशेष/(कमी)	14,977.40	14,977.40
वर्ष के लिए कुल अधिशेष	15,037.78	15,037.78
31 मार्च 2023 तक	89,023.88	89,023.88

सम तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

जे एन मित्तल और कंपनी के लिए

सनदी लेखाकार

कंपनी पंजीकरण संख्या 003587एन

ह0/–

सीए राजेन्द्र मित्तल

भागीदार

सदस्यता सं. 084470

यूआईडीएनः 23084470बीजीऐक्सटीयूए4623

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–

डॉ. विनय ठाकुर

प्रबंध निदेशक

डीआईएनः 09710675

ह0/–

भुवनेश कुमार

अध्यक्ष

डीआईएनः 02780311

ह0/–

सन्नी जैन

कंपनी सचिव

एसीएसः 31700

ह0/– ह0/–

महेन्द्र पाल

एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 15.09.2023

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का विवरण

₹ लाखो में

विवरण	31 मार्च 2023 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च 2022 को समाप्त हुआ वर्ष
संचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह		
कर और असाधारण वस्तुओं से पूर्व अधिशेष/(घाटा)	**20,036.04**	**6,179.91**
के लिए समायोजनः		
मूल्यह्रास और ऋणपरिशोधन व्यय	7,292.90	6,597.30
डूबंत ऋणों के लिए प्रावधान	1,233.75	741.00
स्टांप ड्यूटी प्रावधान को बदलना	(46.55)	-
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री पर लाभ/(हानि)	(1.05)	(0.18)
वित्त लागत	821.71	899.26
ब्याज आय	(8,317.90)	(5,747.59)
अग्रिमों के खिलाफ प्रावधान/ (वसूली योग्य)	37.66	(82.90)
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व परिचालन अधिशेष/(घाटा) (I)	**21,056.56**	**8,586.80**
के लिए समायोजनः		
व्यापार प्राप्यों में (वृद्धि)/कमी	(13,367.85)	(8,809.60)
ऋणों और अग्रिमों एवं अन्य परिसंपत्तियों में (वृद्धि)/कमी	(5,761.61)	(14,264.12)
व्यापार प्राप्यों और अन्य देयताओं में वृद्धि/(कमी)	8,784.62	42,279.30
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से उत्पन्न नकद (II)	**(10,344.84)**	**19,205.58**
आयकर से उत्पन्न नकदी		
आयकर का भुगतान	(5,043.52)	(1,966.91)
पिछले वर्षों के लिए आयकर	(15.12)	(7.07)
आयकर से उत्पन्न नकदी (III)	**(5,058.64)**	**(1,973.98)**
परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी अंतर्वाह/(बहिर्वाह) (क) (I+II+III)	**5,653.08**	**25,818.40**
निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
अचल संपत्तियों की खरीद	(5,262.74)	(1,876.35)
एफडीआर में निवेश	(20,891.96)	(10,403.72)
अचल संपत्तियों की बिक्री	1.27	0.24
प्राप्त ब्याज	6,812.48	6,551.33

निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह/(बहिर्वाह) (बी)	**(19,340.95)**	**(5,728.50)**
वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
भुगतान किया गया ब्याज	(821.71)	(899.26)
पट्टा देयता के मूल अंश का भुगतान	(2,308.25)	(1,299.54)
वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी अंतर्वाह/(बहिर्वाह) (ग)	**(3,129.96)**	**(2,198.80)**
नकद और नकद समकक्षों में शुद्ध वृद्धि/(कमी) (क+ख+ग)	(16,817.83)	17,891.10
वर्ष की शुरुआत में नकद और नकद समकक्ष	93,139.05	75,247.95
वर्ष के अंत में नकद और नकद समकक्ष	**76,321.22**	**93,139.05**

₹ लाखो में

विवरण	**31 मार्च 2023 तक**	**31 मार्च 2022 तक**
नकद और नकद समकक्ष		
बैंकों में शेष	75,003.57	54,642.59
अग्रदाय खाता	0.14	0.50
अन्य बैंक शेष		
सावधि जमा	1,317.51	38,495.96
	76,321.22	**93,139.05**

सूचना

1) नकदी प्रवाह के उपरोक्त विवरण को अप्रत्यक्ष तरीके से भारतीय लेखांकन मानक –7, ''नकद प्रवाह विवरण'' के रूप में प्रस्तुत किया गया है।
2) वर्ष के अंत में नकद और बैंक शेष में बैंकों के पास बची नकद और शेष राशि शामिल होती है। इनका विवरण इस प्रकार हैः
3) निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह (एफडीआर में निवेश) में 2167.33/– लाख रु. की गारंटी के खिलाफ मार्जिन मनी जमा के रूप में रखी गई सावधि जमा शामिल है (पिछले वर्ष 291.60/– लाख रु., नोट सं. 7 देखें और 2171.16/– लाख रु., नोट सं. 12 देखें)
4) नकद प्रवाह के उपरोक्त विवरण में सीएसआर गतिविधियों के लिए 250.00 लाख रु. (पिछले वर्ष 112.00 लाख रु.) शामिल हैं। नोट सं. 55 देखें।

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

जे एन मित्तल और कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 003587एन

ह0/–
सीए राजेन्द्र मित्तल
भागीदार
सदस्यता सं. 084470
यूआईडीएनः 23084470बीजीऐक्सटीयूए4623

ह0/–
डॉ. विनय ठाकुर
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 09710675

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
भुवनेश कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02780311

ह0/–
महेन्द्र पाल
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15.09.2023

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की महत्तवपूर्ण लेखांकन नीतियां और टिप्पणियां

कॉरपोरेट सूचना

नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटड ('निगम') को, 29 अगस्त 1995 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा– 25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ('एनआईसी'), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन निगमित किया गया था। निगम सरकारी मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को संपूर्ण आईटी समाधान प्रदान करने का कार्य करता है।

15 सितंबर 2023 के निदेशक मंडल के संकल्प के अनुसार वित्तीय विवरण जारी करने के लिए अधिकृत किया गया था।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

i. वित्तीय विवरण तैयार करने का आधार

कंपनी के वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा अधिसूचित लेखांकन मानकों (अब से भारतीय लेखा मानक के रूप में संदर्भित) के अनुसार तैयार किए गए हैं जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) (संशोधन) नियम, 2016 के तहत जारी नियमों और भारत में स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पढ़ा जाएगा।

उचित मूल्य पर आंकी गई कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को छोड़कर वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किए गए हैं (वित्तीय उपकरणों के संबंध में लेखांकन नीति देखें)।

वित्तीय विवरण भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार लाभकारी संस्था के आधार पर तैयार किए गए हैं।

वित्तीय विवरण भारतीय रुपये (रु.) में प्रस्तुत किए गए हैं, जो कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भी है। वित्तीय विवरणों और नोट्स में बताई गई सभी राशियों को अनुसूची ।।। की आवश्यकता के अनुसार निकटतम लाख रुपये तक पूर्णांकित किया गया है, जबतक अन्यथा न उल्लिखित हो। त्रुटियों के पूर्णांकन को नजरअंदाज कर दिया गया है।

ii. परिसंपत्तियों और देनदारियों का वर्तमान बनाम गैर–वर्तमान वर्गीकरण:

किसी संपत्ति को तब वर्तमान संपत्ति माना जाता है जब:

- सामान्य परिचालन चक्र में प्राप्त होने की उम्मीद हो या बेचे जाने या उपभोग की मंशा हो;
- मुख्य रूप से कारोबार के उद्देश्य से रखी गई हो;
- रिपोर्टिंग अवधि के बाद 12 माह के भीतर बेचे जाने की उम्मीद हो;
- नकद या नकद समतुल्य, जब तक कि रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम–से–कम बारह माह के लिए किसी देनदारी का निपाटन करने हेतु इसका आदान–प्रदान या उपयोग करने पर प्रतिबंध न हो।

अन्य सभी संपत्तियों को गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

एक देनदारी को तब वर्तमान (चालू) संपत्ति माना जाता है जब:

- सामान्य परिचालन चक्र में इसके निपटान की उम्मीद होय
- यह मुख्य रूप से व्यापार के उद्देश्य से रखी गई होय
- इसका निपटान रिपोर्टिंग अवधि के बाद 12 माह के भीतर किया जाना है, या

- रिपोर्टिंग अवधि के बाद कमदृसेदृकम 12 माह के लिए देनदारी के निपटान को स्थगित करने का कोई बिना शर्त अधिकार न हो।

अन्य सभी देनदारियों को गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों और देनदारियों को गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां एवं देनदारियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

संचालन चक्र वह समय है जिसमें प्रसंस्करण के लिए परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया जाता है और नकद एवं नकद समकक्षों में उसकी बिक्री की जाती है। निगम ने अपना संचालन चक्र 12 माह निर्धारित किया है।

iii. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई) और मूल्यह्रास

(क) मान्यता और प्रारंभिक माप

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को उनकी अधिग्रहण लागत पर बताया गया है। भारतीय लेखा मानक में परिवर्तन पर, कंपनी ने अपनी सभी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण क पिछले जीएएपी वहन मूल्य (मानित लागत) पर मापना निर्धारित किया था।

लागत में खरीद मूल्य, उधार लेने की लागत, यदि पूंजीकरण मानदंड पूरे होते हैं और इच्छित उपयोग के लिए परिसंपत्तियों को उसकी कार्यशील स्थिति में लाने की प्रत्यक्ष उत्तरदायित्व लागत शामिल है। खरीद मूल्य पर पहुंचने पर किसी भी व्यापार छूट और छूट में कटौती की जाती है। बाद की लागत को परिसंपत्ति की वहन राशि में जोड़ दिया जाता है या अलग परिसंपत्तियों के रूप में स्वीकार किया जाता है, जैसा उचित हो, केवल तभी जब यह संभव हो कि वस्तुओं से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेंगे। जब संयंत्र और मशीनरी के महत्वपूर्ण पुर्जों को अंतराल पर बदलने की जरूरत होती है तो कंपनी उनके उपयोगी जीवन के आधार पर अलग से उनका मूल्यह्रास करती है। इसी प्रकार, जब कोई बड़ी जांच की जाती है, तो इसकी लागत को संयंत्र की वहन राशि में पहचाना जाता है और मान्यता मानदंड पूरा होने पर उपकरण बदल दिए जाते हैं। अन्य सभी मरम्मत और रखरखाव लागतों को लाभ या हानि के विवरण में व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

(ख) परवर्ती माप (मूल्यह्रास और उपयोगी जीवन)

पीपीई की वस्तुओं पर ह्रासित मूल्य पद्धति और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में निर्धारित दरों पर प्रदान किया गया है। निगम ने पीपीई की सभी वस्तुओं का उपयोगी जीवन कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। के अनुरूप निर्धारित किया है।

प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में अवशिष्ट मूल्यों, उपयोगी जीवन और मूल्यह्रास विधि की समीक्षा की जाती है।

(ग) मान्यता रद्द करना

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी वस्तु और आरंभ में स्वीकृत कोई भी महत्वपूर्ण हिस्सा निपटान पर या जिससे भविष्य में किसी आर्थिक लाभ की उम्मीद न हो, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाती है। परिसंपत्ति की मान्यता रद्द होने से होने वाले किसी भी लाभ या हानि (शुद्ध निपटान आय और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में परिगणित) को, संपत्ति की मान्यता रद्द होने पर आय के विवरण में शामिल किया जाता है। प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के अवशिष्ट मूल्यों, उपयोगी जीवन और मूल्यह्रास के तरीकों की समीक्षा की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो, संभावित रूप से समायोजित किया जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मान्यता रद्द करने से होने वाले लाभ या हानि को शुद्ध निपटान आय और संपत्ति की वहन राशि के बीच अंतर के रूप में मापा जाता है और संपत्ति की मान्यता रद्द होने पर लाभ और हानि के विवरण में दर्ज किया जाता है।

(IV) अमूर्त संपत्ति और परिशोधन

अमूर्त संपत्तियों को शुरूआत में लागत पर मापा गया है। अमूर्त संपत्तियों को बाद में संचित परिशोधन और संचित अपसामान्य हानि को घटाकर लागत पर मापा गया है। अमूर्त संपत्तियों का उपयोगी जीवन सीमित या अनंत हो सकता है। ह्रासित मूल्य पद्धति के अनुसार सीमित जीवन वाली अमूर्त संपत्तियों को उनके उपयोगी आर्थिक जीवन पर परिशोधित किया गया है। एक सीमित उपयोगी जीवन वाली अमूर्त संपत्ति के लिए परिशोधन अवधि और परिशोधन विधि की समीक्षा कमदृ सेदृ कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है। अपेक्षित उपयोगी जीवन में परिवर्तन या परिसंपत्ति में सन्निहित भविष्य के आर्थिक लाभों

के उपभोग के अपेक्षित पैटर्न को परिशोधन अवधि या विधि को संशोधित करने के लिए उपयुक्त माना जाता है और लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन के रूप में माना जाता है। सीमित जीवन वाली अमूर्त संपत्तियों पर परिशोधन व्यय को आय और व्यय के विवरण में मान्यता दी जाती है जब तक कि ऐसा व्यय किसी अन्य संपत्ति के मूल्य का हिस्सा न हो।

कंपनी अधिनियम के अनुसार, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सर्वर से संबंधित लागतों को उनके अनुमानित उपयोगी आर्थिक जीवन क्रमशः एक वर्ष, तीन वर्ष, पांच वर्ष या छह वर्ष के दौरान सीधी रेखा पद्धति पर पूंजीकृत और परिशोधित किया जाता है। ईआरपी सॉफ्टवेयर से संबंधित लागतों को दस वर्षों के अनुमानित उपयोगी आर्थिक जीवन के दौरान सीधी रेखा पद्धति पर पूंजीकृत एवं परिशोधित किया जाता है।

(V) वित्तीय साधन

एक वित्तीय साधन ऐसा अनुबंध होता है जो एक इकाई की वित्तीय संपत्ति और किसी अन्य इकाई की वित्तीय देनदारी या इक्विटी साधन को जन्म देता है।

वित्तीय परिसंपत्तियां

प्रारंभिक स्वीकृति और माप

सबी वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरूआत में उचित मूल्य पर स्वीकृति दी जाती है, साथ ही, अगर लाभ या हानि के माध्यम से वित्तीय परिसंपत्तियों को दर्ज नहीं किया गया हो तो ऐसे मामले में, लेनदृ देन लागत जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के लिए उत्तरदायी होती है। वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद या बिक्री जिसके लिए बाजार में विनियमन या सम्मेलन द्वारा स्थापित समय सीमा के भीतर परिसंपत्तियों की डिलीवरी की आवश्यकता होती है (नियमित तरीके से व्यापार) को व्यापार तिथि पर स्वीकृति दी जाती है यानि वह तिथि जब कंपनी परिसंपत्ति खरीदने या बेचने के लिए प्रतिबद्ध होती है।

परवर्ती माप

परवर्ती माप के प्रयोजनों के लिए, वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

परिशोधन लागत पर ऋण साधन

एक 'ऋण साधन' को परिशोधन लागत पर मापा जाता है यदि निम्न दोनों शर्तों पूरी होती हों तो:

क) परिसंपत्ति एक व्यवसाय मॉडल के पास हो जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकद प्रवाह एकत्र करने हेतु परिसंपत्तियों को रखना हो, और

ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर नकद प्रवाह को बढ़ाती हैं जो केवल बकाया मूल्य राशि पर मूलधन और ब्याज (एसपीपीआई) का भुगतान होता है।

प्रारंभिक मान्यता पर सभी वित्तीय देनदारियों को उचित मूल्य पर स्वीकृति दी जाती है। लेनदृदेन की लागत जो वित्तीय देनदारियों के मुद्दे के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है, जो आय या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नहीं है, प्रारंभिक मान्यता पर उचित मूल्य में जोड़ दी जाती हैं। प्रारंभिक माप के बाद, ऐसी वित्तीय देनदारियों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का प्रयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण और शुल्क या लागत पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है जो ईआईआर का अभिन्न अंग हैं। ईआईआर परिशोधन को लाभ या हानि में वित्त आय में जोड़ा गया है। अपसमानता के कारण होने वाली हानि को लाभ या हानि में दर्ज किया जाता है।

अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफवीटीओसीआई)

यदि निम्नलिखित दोनों मानदंड पूरे हो रहे हों तो एक 'ऋण साधन' को एफवीटीओसीआई माना जाता है:

क) व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य संविदात्मक नकद प्रवाह एकत्र करने और वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचने, दोनों से प्राप्त किया जाता है और

ख) परिसंपत्ति का संविदात्मक नकद प्रवाह एसपीपीआई का प्रतिनिधित्व करता हो।

एफवीटीओसीआई श्रेणी में रखा गया ऋण साधन को शुरूआत में, साथ ही प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर, उचित मूल्य पर मापा जाता है। अन्य व्यापक आय (ओसीआई) में उचित मूल्य संचालन को स्वीकार किया जाता है। हालाँकि, कंपनी ब्याज से होने वाली आय, अपसामान्य हानि और रिवर्सल एवं विदेशी मुद्रा से लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में दर्ज करती है। परिसंपत्तियों को बेचे जाने पर, ओसीआई में पहले हुए लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में इक्विटी से पुनःवर्गीकृत किया जाता है। एफवीटीओसीआई ऋण साधन को रखते समय अर्जित ब्याज को ईआईआर विधि का प्रयोग कर ब्याज आय के रूप में दिखाया जाता है।

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफवीटीपीएल)

एफवीटीपीएल ऋण साधनों के लिए अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण साधन, जो परिशोधन लागत पर या एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकरण के मानदंडों को पूरा नहीं करता, उसे एफवीटीपीएल श्रेणी में रखा जाता है।

इसके अलावा, कंपनी एक ऋण साधन को नामित करने का चुनाव कर सकती है, जो अन्यथा एफवीटीपीएल की तरह परिशोधन लागत या एफवीटीओसीआई मानदंडों को पूरा करता हो। हालांकि, ऐसे चुनाव की अनुमति केवल तभी दी जाती है जब ऐसा करने से माप या स्वीकृति असंगतता कम हो रही हो या समाप्त हो रही हो (जिसे श्लेखा बेमेलश कहा जाता है)। कंपनी ने एफवीटीपीएल के अनुसार कोई ऋण साधन निर्दिष्ट नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल ऋण उपकरणों को लाभ और हानि खाते में दर्ज सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापा जाता है।

इक्विटी निवेश

भारतीय लेखा मानक 109 के दायरे में आने वाले सभी इक्विटी निवेश उचित मूल्य पर मापे जाते हैं। इक्विटी साधन जो व्यापार और आकस्मिक विचार के लिए रखे जाते हैं, एक अधिग्रहणकर्ता द्वारा व्यापार संयोजन में स्वीकृत होते हैं, जिस पर भारतीय लेखा मानक 103 (व्यापार संयोजन) लागू होता है, उन्हें एफवीटीपीएल में वर्गीकृत किया जाता है। यह वर्गीकरण प्रारंभिक स्वीकृति पर किया गया है और अपरिवर्तनीय है।

यदि कंपनी किसी इक्विटी उपकरण को एफवीटीओसीआई के अनुसार वर्गीकृत करने का निर्णय लेती है, तो लाभांश को छोड़कर, उपकरण पर सभी उचित मूल्य परिवर्तन ओसीआई में पहचाने जाते हैं। निवेश की बिक्री पर भी लाभ और हानि तक की रकम का कोई पुनर्चक्रण नहीं होता है। हालाँकि, कंपनी संचयी लाभ या हानि को इक्विटी के भीतर स्थानांतरित कर सकती है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल इक्विटी उपकरणों को पीएंडएल में मान्यताप्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापा जाता है।

मान्यता रद्द करना

एक वित्तीय परिसंपत्ति (या, जहाँ लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का एक हिस्सा या समान वित्तीय परिसंपत्तियों के समूह का हिस्सा) को प्राथमिक रूप से तब अमान्य कर दिया जाता है जबरू

परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने का अधिकार समाप्त हो गया हो, या

संबंधित कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकार हस्तांतरित कर दिए हैं या श्पासदृथ्रूश व्यवस्था के तहत किसी तीसरे पक्ष को बिना किसी देरी के प्राप्त नकदी प्रवाह का पूरा भुगतान करने का दायित्व मान लिया है और

या तो कंपनीः

(क) ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और प्रतिफलों को काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया है, या

(ख) परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और प्रतिफलों को न तो स्थानांतरित किया है और न ही पर्याप्त रूप से अपने पास रखा है लेकिन परिसंपत्ति का नियंत्रण स्थानांतरित कर दिया है।

जब कंपनी ने किसी परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकारों को स्थानांतरित कर दिया है या पासदृथ्रू व्यवस्था में प्रवेश किया है तो यह मूल्यांकन करती है कि क्या और किस सीमा तक इसने स्वामित्व के जोखिमों और प्रतिफलों को बरकरार रखा है। जब इसने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को न तो स्थानांतरित किया है और न ही बरकरार

रखा है, न ही परिसंपत्ति का नियंत्रण स्थानांतरित किया है, तो कंपनी की निरंतर भागीदारी की सीमा तक हस्तांतरित परिसंपत्ति को पहचानना जारी रखती है। उसी स्थिति में, कंपनी एक संबद्ध दायित्व को भी पहचानती है। हस्तांतरित संपत्ति और संबंधित देनदारी को उस आधार पर मापा जाता है जो कंपनी द्वारा बरकरार रखे गए अधिकारों और दायित्वों को दर्शाता है। .

हस्तांतरित परिसंपत्ति पर गारंटी का रूप लेने वाली निरंतर भागीदारी को परिसंपत्ति की मूल वहन राशि के निचले भाग और कंपनी को चुकाने हेतु आवश्यक प्रतिफल की अधिकतम राशि पर मापा जाता है।

वित्तीय संपत्तियों की हानि

भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार, कंपनी निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों और क्रेडिट जोखिम हानि जोखिम पर अपसामान्य हानि की माप और पहचान के लिए अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) मॉडल लागू करती हैरू

क) वित्तीय संपत्तियां जो ऋण साधन हैं और परिशोधित लागत पर मापी जाती हैं जैसे, ऋण, ऋण प्रतिभूतियां, जमा, व्यापार प्राप्य और बैंक शेष।

कंपनी अपनी प्रारंभिक मान्यता से ही, प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर आजीवन ईसीएल के आधार पर हानि भत्ते को मान्यता देती है।

अवधि के दौरान मान्यता प्राप्त ईसीएल अपसामान्य हानि भत्ता (या उत्क्रमण) को लाभ और हानि के विवरण (पीएंडएल) में आयध्व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

(VI) उचित मूल्य माप

कंपनी प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर उचित मूल्य पर वित्तीय साधनों को मापती है।

उचित मूल्य वह कीमत है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने के लिए प्राप्त की जाएगी या माप तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच एक व्यवस्थित लेनदेन में देनदारी हस्तांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा। उचित मूल्य माप इस धारणा पर आधारित है कि परिसंपत्ति बेचने या देनदारी हस्तांतरित करने का लेनदेन होता है–

- परिसंपत्ति या देनदारी के लिए मुख्य बाजार में, या
- प्रमुख बाजार के अभाव में, परिसंपत्ति या देनदारी के लिए सबसे लाभप्रद बाजार में।

मुख्य या सबसे लाभप्रद बाजार तक कंपनी की पहुँच होनी चाहिए।

किसी परिसंपत्ति या देनदारी का उचित मूल्य उन धारणाओं का उपयोग करके मापा जाता है जो बाजार प्रतिभागी परिसंपत्ति या देनदारी का मूल्य निर्धारण करते समय उपयोग करेंगे, यह मानते हुए कि बाजार प्रतिभागी अपने आर्थिक सर्वोत्तम हित में कार्य करते हैं। एक गैरदृवित्तीय परिसंपत्ति का उचित मूल्य माप बाजार भागीदार की संपत्ति को उसके उच्चतम और सर्वोत्तम उपयोग में प्रयोग कर या इसे किसी अन्य बाजार भागीदार को बेचकर आर्थिक लाभ पैदा करने की क्षमता को ध्यान में रखता है जो परिसंपत्ति को उसके उच्चतम एवं सर्वोत्तम उपयोग में प्रयोग करेगा।

कंपनी उन मूल्यांकन तकनीकों का प्रयोग करती है जो परिस्थितियों के अनुसार उचित हैं और जिनके लिए उचित मूल्य मापने हेतु पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं, प्रासंगिक अवलोकन योग्य इनपुट के प्रयोग को अधिकतम करने एवं अप्राप्य इनपुट के उपयोग को कम करने के लिए।

सभी संपत्तियां और देनदारियां जिनके लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य मापा जाता है, उन्हें निम्नतम स्तर के इनपुट के आधार पर उचित मूल्य पदानुक्रम के भीतर वर्गीकृत किया गया है, जो समग्र रूप से उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण हैंः

- स्तर 1 – समान संपत्तियों या देनदारियों के लिए सक्रिए बाजारों में उद्धृत (असमायोजित) बाजार मूल्य।
- स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीकें जिनके लिए उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर का इनपुट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने योग्य है।
- स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य माप के लिए महत्वपूर्ण निम्नतम स्तर का इनपुट अप्राप्य है।

उचित मूल्य प्रकटीकरण के उद्देश्य से, कंपनी ने संपत्ति या देनदारी की प्रकृति, विशेषताओं और जोखिमों एवं उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर संपत्तियों एवं देनदारियों की श्रेणियां निर्धारित की हैं।

प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर कंपनी का प्रबंधन परिसंपत्तियों एवं देनदारियों के मूल्यों में उतार–चढ़ाव का विश्लेषण करता है जिन्हें कंपनी की लेखांकन नीतियों के अनुसार पुनः मापने या पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता होती है।

आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में पहचानी जाने वाली परिसंपत्तियों एवं देनदारियों के लिए, कंपनी वर्गीकरण का पुनर्मूल्यांकन कर यह निर्धारित करती है कि पदानुक्रम में स्तरों के बीच स्थानांतरण हुआ है या नहीं (निम्नतम स्तर के इनपुट पर आधारित जो समग्र रूप से उचित मूल्य माप हेतु महत्वपूर्ण है) प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में।

यह नोट उचित मूल्य के निर्धारण के लिए लेखांकन नीति का सारांश प्रस्तुत करता है। उचित मूल्य से संबंधित अन्य प्रकटन प्रासंगिक नोट्स में निम्नानुसार दिए गए हैंरू

- महत्वपूर्ण अनुमानों और धारणाओं के लिए प्रकटन
- उचित मूल्य माप पदानुक्रम का मात्रात्मक प्रकटन
- वित्तीय उपकरण (परिशोधन लागत पर लिए गए उपकरणों समेत)

(VII) ग्राहकों के साथ अनुबंध से राजस्व

राजस्व को इस सीमा तक स्वीकार किया जाता है कि यह संभव है कि आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेगा और राजस्व को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है, भले ही भुगतान कभी भी किया जा रहा हो। राजस्व को स्वीकार करने पहले निम्नलिखित विशिष्ट मान्यता मानदंडों को भी पूरा किया जाना चाहिएरू –

वस्तुओं/सेवाओं की बिक्री के संबंध में राजस्व

राजस्व को इस सीमा तक स्वीकार किया जाता है कि यह संभव है कि आर्थिक लाभ निगम को प्राप्त होंगे और राजस्व को विश्वसनीय रूप से मापा जा सकता है। राजस्व को अनुबंध द्वारा परिभाषित भुगतान की शर्तों को ध्यान में रखते हुए और सरकार की ओर से एकत्र किए गए करों या चुंगी को छोड़कर, प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है।

वस्तुओं/स्टॉक और बिक्री वाली वस्तुओं की बिक्री के संबंध में राजस्व चालान के निर्माण के समय या उस समय स्वीकार किया जाता है जब वस्तु का नियंत्रण खरीददारों के पास चला जाता है, आमतौर पर वस्तु की डिलीवरी और डिलीवरी के प्रमाण देने पर। वस्तुओं की बिक्री से मिलने वाला राजस्व या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य, रिटर्न और भत्ते, व्यापार छूट और मात्रा छूट के शुद्ध मूल्य पर मापा जाता है।

सेवाओं की बिक्री के संबंध में राजस्व चालान बनाए जाने के समय या उस सम स्वीकार किया जाता है जब खरीददारों को पूरी सेवा दे दी जाती है, आमतौर पर सेवा के प्रमाण दिए जाने पर। सेवा की बिक्री से प्राप्त राजस्व को प्राप्त या प्राप्य प्रतिफल के उचित मूल्य पर मापा जाता है।

निगम परियोजना लागत के आधार पर समयदृ समय पर निर्धारित स्लैब दरों पर संचालन मार्जिन को मान्यता प्रदान करता है। आमतौर पर संचालन मार्जिन दरें परियोजना लागत के विपरीत आनुपातिक होती हैं यानी परियोजना लागत जितनी अधिक होगी, संचालन मार्जिन दर उतनी ही कम होगी। परियोजना लागत में वृद्धि के कारण संचालन मार्जिन दर में बाद में की जाने वाली कोई भी कमी का हिसाब वर्ष के अंत में या परियोजना समापन के समय संबंधित क्रेडिट नोट जारी कर किया जाता है। इस प्रकार जारी किए गए क्रेडिट नोट्स आय के संबंधित मदों से घटाए जाते हैं।

अतिबिलन में राजस्व को बिना बिल वाले राजस्व के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जबकि राजस्व से अधिक बिलिंग को अनुबंध देनदारियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

ब्याज आय

सभी ऋण साधनों के लिए या तो परिशोधन लागत पर या अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है, ब्याज आय प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) का प्रयोग करके दर्ज की जाती है। ईआईआर वह दर है जो वित्तीय साधन के अपेक्षित जीवन या छोटी अवधि में अनुमानित भविष्य के नकद भुगतान या प्राप्तियों को, जहाँ उपयुक्त हो, वित्तीय परिसंपत्ति की सकल वहन राशि या वित्तीय देनदारी की परिशोधित लागत से बिल्कुल छूट देती है। प्रभावी ब्याज दर की गणना करते समय कंपनी वित्तीय साधन की सभी अनुबंध शर्तों (उदाहरण के लिए, पूर्व भुगतान, विस्तार, कॉल और इसी प्रकार के विकल्प) पर विचार करके अपेक्षित नकद प्रवाह का अनुमान लगाती है लेकिन क्रेडिट हानि पर विचार नहीं करती है। लाभ और हानि के विवरण में ब्याज आय को वित्त आय में शामिल किया जाता है।

(VIII) सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से परियोजना अनुदान हेतु अग्रिम।

एनआईसीएसआई को सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से वस्तुओं और सेवाओँ की बिक्री हेतु अग्रिम प्राप्त हुआ है। ये लेनदृदेन इकाई के सामान्य व्यापारिक लेन–देन हैं। वित्तीय विवरणों में मंत्रालयों के प्रकटीकरण हेतु प्राप्त अग्रिम को 'अन्य वर्तमान देनदारियों' के मद के तहत श्ग्राहकों से प्राप्त सहायता अनुदानश के रूप में अलग से बनाया गया है क्योंकि ये सामान्य व्यापारिक लेनदेन हैं। इन अग्रिमों का उपयोग संबंधित परियोजनाओं के निष्पादन के प्रयोजनों के लिए किया जाता है और यदि संबंधित परियोजना के अंत में एनआईसीएसआई के पास शेष राशि उपलब्ध है, तो उसे ब्याज (यदि कोई हो) के साथ अनुदानकर्ता संस्थान को वापस कर दिया जाता है। सभी अनुदान सहायता राशियाँ केवल परियोजनाओं के लिए प्राप्त की जाती हैं।

एनआईसीएसआई हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर की खरीद और जनशक्ति प्रदान करने के लिए सरकारी विभागों/संगठनों से विभिन्न आदेशों का क्रियान्वयन करता है। यह समय–समय पर अपने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित दरों के अनुसार, प्रत्येक ऑर्डर की कुल लागत पर ऑपरेटिंग मार्जिन लेता है। एनआईसीएसआई को उन आदेशों के विरुद्ध विभागों/संगठनों से अग्रिम के रूप में धनराशि प्राप्त होती है। एनआईसीएसआई को किसी अन्य प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिलती, जिससे उसे सीधे तौर पर लाभ मिलता हो। एनआईसीएसआई को रियायती दर पर या मुफ्त में कोई मौद्रिक या गैर–मैद्रिक संपत्ति का अनुदान नहीं दिया जाता है।

एनआईसीएसआई मंत्रालयों/विभागों द्वारा सहायता अनुदान जारी किए जाने के लिए प्रशासनिक अनुमोदन/स्वीकृतियों से संबंधित सभी नियमों और शर्तों को पूरा करता है।

(IX) मालसूची (इन्वेंटरी)

इन्वेंटरी की लागत में खरीद की सभी लागत, रूपांतरण की लागत और इन्वेंटरी को उनके वर्तमान स्थान और स्थिति में लाने में लगने वाली अन्य लागत शामिल है। इन्वेंटरी (सॉफ्टवेयर की इन्वेंट्री समेत) का मूल्यांकन लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर, फर्स्ट–इन–फर्स्ट–आउट (एफआईएफओ) पद्धित, पर किया गया है। उपभोग्य भंडारों से खरीद के वर्ष में राजस्व लिया गया है जो नगण्य है।

(X) सेवानिवृत्ति लाभ

एनआईसी के साथ हुए समझौते के अनुसार, छुट्टी वेतन और पेंशन योगदान की राशि की गणना भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रतिशत के आधार पर संबंधित कर्मचारी के मूल वेतन और ग्रेड पे पर की जाती है और एनआईसी को दे दी जाती है। कंपनी कर्मचारियों को किसी अन्य सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, जिसे भविष्य में पूरी तरह से एनआईसी द्वारा वहन किया जाएगा।

(XI) पूर्व अवधि की वस्तुएं

पूर्व अवधि की वस्तुएं किसी इकाई की पिछली अवधि के वित्तीय विवरणों में चूकध गलत विवरण हैं, जिसमें तुलन पत्र का गलत वर्गीकरण भी शामिल है। भारतीय लेखा मानक 8 के अनुसार, पूर्व अवधि की गलतियों को उनका पता लगाने के बाद अनुमोदित वित्तीय विवरणों के पहले सेट में पूर्वव्यापी गलतियों के सुधार की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रस्तुत पूर्व अवधियों के लिए तुलनात्मक मात्रा को बहाल किया जाता है जिसमें गलती हुई थी। हालाँकि, यदि ऐसा पुनर्कथन अव्यावहारिक है यानी जब कोई इकाई ऐसा करने के लिए हर उचित प्रयास करने के बाद भी इसे लागू नहीं कर सकती है तो भारतीय लेखा मानक को पूर्व की अवधि की तुलना में ऐसी पूर्व अवधि की वस्तुओं के पुनर्कथन की आवश्यकता नहीं है।

(XII) रिपोर्टिंग अवधि के बाद की घटनाएं

निगम के पास हर साल प्रबंधन द्वारा अनुमोदित एक अंतिम तिथि होती है, जिसमें 31 मार्च तक प्रदान की गई सेवाओं के लिए विक्रेताओं के चालान जमा किए जाते हैं और पिछले वर्ष के व्यय के अनुसार हिसाब किताब किया जाता है। 31 मार्च तक की अवधि के लिए उस तिथि तक प्राप्त आय का हिसाब भी उसी वित्त वर्ष में किया जाता है। तदनुसार, खातों में मिलान अवधारणा सुनिश्चित की जाती है। इस प्रकार, 31 मार्च के बाद विक्रेताओं द्वारा बनाए गए चालान या उस तिथि के बाद एनआईसीएसआई में वास्तव में देर से प्राप्त होने वाले व्यय को अगले वर्ष में बुक किया जाता है और संबंधित आय भी अगले वर्ष में बुक किए जाते हैं क्योंकि ये सभी चालान मार्च के लिए जीएसटी जमा करने/जीएसटी रिटर्न भरने की निर्धारित/अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए हैं।

व्यय और आय, जीएसटी प्रावधानों एवं आयकर प्रावधानों की उपर उल्लिखित लेखांकन मिलान अवधारणाओं को ध्यान में रखते हुए, निगम प्रबंधन द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार और चालान तिथि/वास्तविक रसीद तिथि को ध्यान में रखते हुए विक्रेताओं से, कंपनी

द्वारा निष्पादित किए जा रहे व्यवसाय के प्रकार को ध्यान में रखते हुए, चालान बुक करेगा।

उपरोक्त बुकिंग संबंधित वित्त वर्ष में उत्पन्न कुल राजस्व के 0.25% से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(XIII) पट्टे

कंपनी ने संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण का प्रयोग कर भारतीय लेखा मानक 116 को लागू किया है और इसलिए तुलनात्मक जानकारी को दोबारा नहीं बताया गया है और भारतीय लेखा मानक 17 के तहत रिपोर्ट किया जाना जारी है।

पट्टेदार के रूप में

कंपनी पट्टे की आरंभ की तिथि पर उपयोग के अधिकार वाली संपत्ति और पट्टे की देनदारी को पहचानती है। उपयोग के अधिकार वाली संपत्ति को शुरू में लागत पर मापा जाता है, जिसमें प्रारंभ तिथि पर या उससे पहले किए गए किसी भी पट्टा भुगतान हेतु समायोजित पट्टा देनदारी की आरंभिक राशि, साथ ही किसी भी प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत और विघटित करने एवं हटाने की लागत का अनुमान शामिल होता है और अंतर्निहित परिसंपत्ति या अंतर्निहित परिसंपत्ति या उस साइट को पुनर्स्थापित करने के लिए जिस पर वह स्थित है, प्राप्त किसी भी पट्टा प्रोत्साहन राशि को घटा दिया जाता है।

उपयोग के अधिकार वाली संपत्ति को बाद में प्रारंभ तिथि से लेकर उपयोग के अधिकार वाली संपत्ति के उपयोगी जीवन के अंत या पट्टे की अवधि के अंत तक सीधी रेखा विधि का उपयोग करके मूल्यह्रास किया जाता है। उपयोग के अधिकार वाली संपत्तियों का अनुमानित उपयोगी जीवन संपत्ति और उपकरणों के समान आधार पर निर्धारित किया जाता है। इसके अलावा, उपयोग के अधिकार वाली संपत्ति को समयदृ समय पर अपसामान्य हानि, यदि कोई हो, से घटा लिया जाता है और पट्टे की देनदारी के कुछ पुनः माप के लिए समायोजित किया जाता है।

पट्टा देनदारी को आरंभ में लीज भुगतान के वर्तमान मूल्य पर मापा जाता है जिसका भुगतान प्रारंभ तिथि पर नहीं किया जाता है, ब्याज दर (यानि सरकारी बांड की औसत ब्याज दर –7.75%) का प्रयोग करके छूट दी जाती है।

पट्टा दायित्व की माप में शामिल पट्टा भुगतान में निम्नलिखित शामिल हैंरू

- निश्चित भुगतान, जिसमें इनदृ सब्सटांस फिक्स्ड पेमेंट्स भी शामिल है।
- परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो किसी सूचकांक या दर पर निर्भर करते हैं, प्रारंभ में आरंभिक तिथि के अनुसार सूचकांक या दर का प्रयोग करके मापा जाता हैय
- अवशिष्ट मूल्य गारंटी के अंतर्गत देय होने वाली अपेक्षित राशियाँय और
- एक खरीद विकल्प के तहत उचित मूल्य के तहत जिसे कंपनी प्रयोग करने के लिए उचित रूप से निर्धारित करती है, एक वैकल्पिक नवीनीकरण अवधि में पट्टे का भुगतान, यदि कंपनी एक विस्तार विकल्प को अपनाने के लिए उचित रूप से निर्धारित करती है और एक पट्टे की जल्दी समाप्ति के लिए जुर्माना जब तक कि कंपनी उसे जल्द समाप्त करने के लिए उचित रूप से निश्चित न हो।

पट्टा देनदारी को प्रभावी ब्याज पद्धित का प्रयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। इसे तब फिर से मापा जाता है जब किसी सूचकांक या दर में बदलाव के कारण भविष्य के पट्टे भुगतान में परिवर्तन होता है, अगर कंपनी के अवशिष्य मूल्य गारंटी के तहत देय राशि के अनुमान में कोई बदलाव होता है या अगर कंपनी अपना मूल्यांकन बदलती है कि वह खरीददारी, विस्तार या समाप्ति में से कौन से विकल्प का प्रयोग करेगी।

जब पट्टे की देनदारी को इस प्रकार से फिर से मापा जाता है तो उपयोग के अधिकार वाली संपत्ति की वहन राशि के अनुरूप समायोजन किया जाता है या यदि उपयोग के अधिकार वाली परिसंपत्ति की वहन राशि कम कर दी गई है तो इसे लाभ या हानि में दर्ज किया जाता है, शून्य करने के लिए।

कंपनी उपयोग के अधिकार वाली परिसंपत्तियां प्रस्तुत करती हैं जो तुलन पत्र में 'संपत्ति, संयंत्र और उपकरण' में निवेश संपत्ति की परिभाषा और 'अन्य वित्तीय देनदारियों' में पट्टा देनदारियों को पूरा नहीं करती हैं।

अल्पकालिक पट्टे और कम मूल्य वाली संपत्तियों के पट्टे

कंपनी ने 12 माह की लीज अवधि वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के अल्पकालिक पट्टों के लिए उपयोग के अधिकार वाली संपत्तियों और लीज देनदारियों को मान्यता नहीं देने का फैसला किया है। कंपनी इन पट्टों से जुड़े पट्टा भुगतान को पट्टा अवधि के दौरान सीधी दूरेखा के आधार पर व्यय के रूप में मान्यता देती है।

किसी पट्टे को आरंभ तिथि पर वित्त पट्टे या परिचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। एक पट्टा जो कंपनी के स्वामित्व से संबंधित सभी जोखिमों और प्रतिफलों को काफी हद तक स्थानांतरित करता है, उसे वित्त पट्टे के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। वित्त पट्टों को पट्टे की शुरूआत में पट्टे पर दी गई संपत्ति के उचित मूल्य पर या, यदि कम हो, तो न्यूनतम पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर पूंजीकृत किया जाता है। पट्टा भुगतान को वित्त शुल्क और पट्टा देनदारी में कमी के बीच विभाजित किया जाता है ताकि देनदारी की शेष राशि पर ब्याज की एक स्थिर दर प्राप्त की जा सके। वित्त शुल्क को लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागतों में लिखा जाता है, जब तक कि वे प्रत्यक्ष रूप से योग्य संपत्तियों के उत्तरदायी न हों, जिस स्थिति में उन्हें उधार लेने की लागत पर कंपनी की सामान्य नीति के अनुसार पूंजीकृत किया जाता है। आकस्मिक किराए को उस अवधि में व्यय के रूप में पहचाना जाता है जिसमें वे खर्च किए जाते हैं।

एक पट्टे पर दी गई संपत्ति का मूल्य उसके उपयोगी जीवन काल के दौरान कम हो जाता है। हालाँकि, यदि कोई उचित निश्चितता नहीं है कि कंपनी पट्टे की अवधि के अंत तक स्वामित्व प्राप्त कर लेगी, तो संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन और पट्टे की अवधि के कम होने पर संपत्ति का मूल्यह्रास हो जाता है।

परिचालन पट्टा भुगतान को पट्टा अवधि के दौरान सीधी रेखा के आधार पर लाभ और हानि के विवरण में व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

कोई अनुबंध (या समझौता) एक पट्टा है या नहीं, इसका निर्धारण पट्टे के आरंभ में अनुबंध के सार पर आधारित है। यदि अनुबंध या समझौता, एक पट्टा तभी होगा जब अनुबंध की पूर्ति किसी विशिष्ट संपत्ति या संपत्ति के उपयोग पर निर्भर हो और अनुबंध संपत्ति या संपत्ति के उपयोग करने का अधिकार देती हो, भले ही वह अधिकार किसी व्यवस्था में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट न हो।

पट्टे वाले अनुबंधों का मूल्यांकन संक्रमण तिथि यानी 1 अप्रैल 2016 को भारतीय लेखा मानक 101 के अनुसार वित्त या परिचालन पट्टे के रूप में वर्गीकरण के लिए पहली बार अपनाने वाले भारतीय लेखा मानकों के अनुसार किया गया है, जो भारतीय लेखामानक के आध ाार पर संक्रमण की तिथि के अनुसार, उस तिथि पर वर्तमान तथ्यों और परिस्थितियों के अनुरूप हैं।

(XIV) आय कर

वर्तमान आय कर

वर्तमान आयकर संपत्तियों और देयताओं को उस राशि पर मापा जाता है जिसकी वसूली या कराधान अधिकारियों को भुगतान किए जाने की उम्मीद है। राशि की गणना करने के लिए उपयोग की जाने वाली कर दरें और कर कानून वे हैं जो भारत में रिपोर्टिंग तिथि पर अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित होते हैं।

लाभ या हानि के बाहर स्वीकृत प्राप्त वस्तुओं से संबंधित वर्तमान आयकर को लाभ या हानि (या अन्य व्यापक आय या इक्विटी में) के बाहर स्वीकार किया जाता है। प्रबंधन समयदृसमय पर कर रिटर्न में ली गई स्थितियों का मूल्यांकन कर उन स्थितियों के संबंध में करता है जिनमें लागू कर नियम व्याख्या के अधीन हैं और जहां उपयुक्त हो वहां प्रावधान बनाते हैं।

वर्तमान आयकर संपत्तियों और देयताओं को ऑफसेट किया जाता है यदि इन्हें सेट करने के लिए कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार मौजूद हैं।

आस्थगित कर

रिपोर्टिंग तिथि पर वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए परिसंपत्तियों एवं देयताओं के कर आधारों और उनकी वहन राशियों के बीच अस्थायी अंतर पर देयता पद्धति का उपयोग कर आस्थगित कर की गणना की जाती है।

आस्थगित कर देयताएं सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

आस्थगित कर संपत्तियां सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों, अप्रयुक्त कर क्रेडिटों को आगे ले जाने और किसी भी अप्रयुक्त कर हानियों के लिए मान्यताप्राप्त है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों को इस हद तक मान्यता दी जाती है कि यह संभव है कि कर योग्य लाभ उपलब्ध

